फर्द अहकाम
(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

मदनमोहन शर्मा बनाम आनन्द मोहन शर्मा जरिये वारिसान सुधा शर्मा व अन्य

किस्म मुकदमा / प्रार्थना पत्र / बाजदायरी / नं0 / **2022 / 460** जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी0 अधि0 : श्री गिरीश पारीक	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.11.2022	पत्रावली पेश हुई। यह बाजदायरी प्रार्थना–पत्र मूल अपील संख्या 2019 / 00020 बउनवान मदनमोहन शर्मा बनाम आनन्द मोहन शर्मा में निर्णय दिनांक 17.10.2022 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्व अपीलान्ट की ओर से अभिभाषक श्री गिरीश पारीक द्वारा दिनांक 10.11.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी के अभिभाषक को एक तरफा सुना गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अपीलान्ट अभिभाषक की प्रार्थना पत्र पर हुई बहस पर मनन किया तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया गया। न्यायहित मे अपीलान्ट का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थना पत्र सम्बंधित मूल अपील 2019 / 00020 बउनवान मदनमोहन शर्मा बनाम आनन्द मोहन शर्मा पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned with CamScanner